Title: Need to provide adequate compensation to the farmers of Hanumangarh district in Sriganganagar Parliamentary Constituency of Rajasthan whose lands were acquired by the Air Force in 1995.- Laid.

श्री निहाल चन्द चौहान (श्रीगंगानगर) :अध्यक्ष महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र श्री गंगानगर के हनुमानगढ़ जिले के रावतसर कस्बे में वायुसेना ने 47500 एकड़ भूमि 1995 में केन्द्र सरकार द्वारा एवार्ड किया गया था, परन्तु अभी तक मुआवजा नहीं मिला। केन्द्र सरकार तुरन्त मुआवजा जारी करे अन्यथा किसानों को जमीन वापस लौटाई जाए। मुआवजा न मिलने के कारण किसान बरबाद हो गया है तथा वह कोई भी निर्माण कार्य नहीं कर सकता।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि किसानों को मुआवजा तुरन्त जारी करे।